नीम

नीम भारत का देशज (मूल निवासी) पेड़ है। यह तेजी से बढ़ता है और इसका छत्रक मोटा और गोल होता है। इसकी लम्बाई 20–30 मीटर तक हो सकती है और इसकी शाखाएं चौड़ी होती हैं। सर्दियों के महीनों में इसके पत्ते गिर जाते हैं और बसंत ऋतु में नए पत्ते आने लगते हैं।

देशज वृक्ष वे होते हैं जो किसी क्षेत्र में कई वर्षों तक प्राकृतिक रूप से पाए जाते हैं। ये वो पेड़ हैं जिन्हें लोगों द्वारा किसी दूसरी जगह से नहीं लाया गया है। इन पेड़ों का उस क्षेत्र में पाए जाने वाले जीवों-पक्षियों, कीट़ों, मकड़ियों से लेकर बड़े जानवरों तक के साथ घनिष्ठ संबंध होता है।

पेड़ का छत्रक उसकी शाखाओं और पत्तियों से बना होता है। यदि आप किसी पेड़ को ध्यान से देखें, तो आप उसके छत्रक का आकार बता सकते हैं।

पत्तियां

नीम के पेड़ का एक पत्ता छोटे, घुमावदार (पत्रकों) से बना होता है जो एक छोटे तने के दोनों ओर उगते हैं। प्रत्येक नीम के पत्ते में 20–30 पत्रक हो सकते हैं। पत्तियाँ शाखाओं के सिरों पर गुच्छों में उगती हैं। पत्तियों के बीच कई कीट और मकड़ियाँ रहती हैं। बुनकर चींटियाँ नीम के पेड़ों में पत्तियों के किनारों को एकसाथ खींचकर और उनके लार्वा द्वारा उत्पादित गोंद जैसे रेशम का उपयोग करके उन्हें आपस में चिपका देती हैं।

प्रत्येक पत्रक का किनारा आरी जैसा होता है। किन अन्य पौधों में आरी जैसी धारवाली पत्तियाँ होती हैं? अपने आस-पास एक नीम का पेड़ खोजें-एक पत्ता तोड़ें, उसे सूंघें और उसका स्वाद चखें। क्या स्वाद आपको किसी और चीज की याद दिलाता है?

क्या आपके घर में नीम के पत्तों का इस्तेमाल होता है? अपने मित्रों और पड़ोसियों से बात करें और उनसे पूछें कि क्या वे नीम के पत्तों का इस्तेमाल करते हैं और कैसे करते हैं। अपने टूथपेस्ट, साबुन या बालों के तेल के लेबल देखें-उनमें से क्या कोई भी नीम के पत्तों को अपने उत्पाद के एक घटक के रूप में सूचीबद्ध करता है?



फूल

नीम के फूल छोटे, सफेद और सुगंधित होते हैं। फूलों में एक मीठी, शहद जैसी गंध होती है और कई मधुमक्खियां, पतंगे और तितलियाँ उनके पास आती हैं। इनमें छोटी, बिना डंकवाली मधुमक्खी और लाइम स्वॉलोटेल तितली शामिल हैं। लोग नीम के फूलों का भी इस्तेमाल करते हैं, खासकर खाना बनाने में! क्या आप किसी ऐसे व्यंजन के बारे में जानते हैं जिसमें नीम के फूलों का प्रयोग किया जाता है?

फल और बीज

नीम के पेड़ के फल चिकने, अंडाकार और पीले-हरे रंग के होते हैं। कई पक्षी और चमगादड़ इन फलों का आनंद लेते हैं। बुलबुल, बारबेट और कोयल कुछ ऐसे पक्षी हैं जो इन फलों को खाते हैं।

अपनी उंगलियों के बीच एक पके नीम के फल को मसलें। आपको अंदर कितने बीज मिले?

छाल और शाखाएं

नीम के पेड़ की छाल में कई रेखाएं और खांचे होते हैं। अगर आप गौर से देखें तो आपको नीम के पेड़ के तने पर कुछ-कुछ कीट और मकड़ियाँ दिख सकती हैं। आप शाखाओं के बीच छोटे जीव जैसे गिलहरी, उल्लू और बबुना या मोतीचूर (ओरिएंट वाइट आई) जैसे पक्षी भी देख सकते हैं।

कागज का एक टुकड़ा और क्रेयॉन वाले रंग लें, कागज को छाल के पेड़ की छाल के ऊपर रखें और क्रेयॉन को कागज के ऊपर रगड़ें। आपको क्या पैटर्न नजर आते हैं? आप नीम के पेड़ की छाल का वर्णन कैसे करेंगे?

पोस्टर का हिंदी रूपांतरण: पर्यावरण शिक्षण केंद्र (सी.ई.ई.)

यह कार्य नेचर क्लासरूम्स CC BY-SA 4.0 के तहत् लाईसेन्सड है।